
ISSN : 2582-6360

# विश्व दीप दिव्य संदेश

मासिक शोध पत्रिका

वर्ष 26 | अंक 09 विक्रम संवत् 2077-78 सितम्बर 2022 | पृष्ठ 34

संरक्षक : विश्वगुरु महामण्डलेश्वर परमहंस श्री स्वामी महेश्वरानन्दपुरीजी



## YOGA SUTRAS OF PATANJALI

प्रकाशक

विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान

(राजस्थान संस्कृत अकादमी एवं
जगद्गुरुरामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय से सम्बद्ध)

कीर्ति नगर, श्याम नगर, सोढाला, जयपुर

Narayan

ISSN : 2582-6360

# विश्व दीप दिव्य संदेश

मासिक शोध पत्रिका

वर्ष 26 | अंक 09 विक्रम संवत् 2077-78 सितम्बर 2022 | पृष्ठ 34

परामर्शदाता
देवर्षि कलानाथ शास्त्री
पण्डित अनन्त शर्मा
डॉ. नारायणशास्त्री काङ्कर
प्रो. कैलाश चतुर्वेदी
डॉ. शीला डागा
प्रो. (डॉ.) गणेशीलाल सुथार

प्रधान सम्पादक
श्री सोहन लाल गर्ग
श्री एम.एल. गर्ग

सम्पादक
डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा

सह-सम्पादक
डॉ. रामदेव साहू
डॉ. रघुवीर प्रसाद शर्मा
तिबोर कोकेनी
श्रीमती अन्या वुकादिन

परामर्श संपादक
कपिल अग्रवाल
मारियो ब्रूमेट

- प्रमुख संरक्षक -
परम महासिद्ध अवतार श्री अलखपुरी जी
परम योगेश्वर स्वामी श्री देवपुरी जी

- प्रेरणास्त्रोत -
भगवान् श्री दीपनारायण महाप्रभुजी

- संस्थापक -
परमहंस स्वामी श्री माधवानन्द जी

- संरक्षक -
विश्वगुरु महामण्डलेश्वर परमहंस
श्री स्वामी महेश्वरानन्दपुरीजी

- प्रबन्ध सम्पादक -
महामण्डलेश्वर स्वामी ज्ञानेश्वर पुरी

प्रकाशक

## विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान

(राजस्थान संस्कृत अकादमी एवं जगद्गुरुरामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय से सम्बद्ध)

कीर्ति नगर, श्याम नगर, सोढाला, जयपुर

**Website :** vgda.in | **Youtube :** www.youtube.com/c/vishwagurudeepashram | **E-mail :** jaipur@yogaindailylife.org

Sponsored by : **DEVESHWAR DEEP IMPEX PVT. LTD.**, JAIPUR

# अनुक्रमणिका

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | सम्पादकीय | डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा | 3 |
| 2. | YOGA SUTRAS OF PATANJALI | Swami Maheshwaranandapuri | 4 |
| 3. | दश वाद और ब्रह्मसिद्धान्त | डॉ. प्रवीण पण्ड्या | 9 |
| 4. | पं. मधुसूदन ओझा के मत में देव एवं असुर | देवर्षि कलानाथ शास्त्री | 13 |
| 5. | ब्रह्माण्डमण्डलपरिज्ञानम् (४) | डॉ. रामदेव साहू | 15 |
| 6. | पण्डित मधुसूदन ओझा की 156वीं जयन्ती | प्रो. गणेशीलाल सुथार | 20 |
| 7. | वेदवाचस्पति पं. मोतीलाल शास्त्री | प्रो. कैलाश चतुर्वेदी | 24 |
| 8. | आचार्य वीरेश्वर शास्त्री द्राविड़ | डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा | 27 |
| 9. | राष्ट्रोपनिषत् | डॉ. नारायणशास्त्री काङ्कर | 31 |

विश्वदीप दिव्य संदेश पत्रिका का वार्षिक सदस्यता शुल्क **800/- रूपये**

**खाता संख्या : 5013053111**
**IFS Code : KKBK0003541**

मुद्रण : **कन्ट्रोल पी**, जयपुर - मो. : 9549666600

# सम्पादकीय

विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित मासिक शोधपत्रिका का वर्ष 2022 का नवम अंक आपके करकमलों में अर्पित करते हुए अत्यधिक हर्ष का अनुभव हो रहा है। भारतीय धर्म-संस्कृति के शोधलेखों का यह संग्रह विद्वानों द्वारा सराहा जा रहा है। विद्वानों द्वारा नियमित भेजे जा रहे शोधलेख हमारा मनोबल बढ़ा रहे हैं व पत्रिका के महत्त्व को भी आलोकित कर रहे हैं। पूर्व अंकों में सभी उच्चस्तरीय विद्वानों के लेख प्रकाशित हुए हैं।

इसमें सर्वप्रथम महामण्डलेश्वर स्वामी महेश्वरानन्दपुरीजी द्वारा लिखित YOGA SUTRAS OF PATANJALI शोध लेख में पातंजलयोगसूत्र के प्रतिपाद्य की आधुनिक सन्दर्भ में उपयोगिता दर्शायी गयी है। तत्पश्चात् डॉ. प्रवीण पण्ड्या द्वारा लिखित 'दश वाद और ब्रह्मसिद्धान्त' लेख में सृष्टि प्रक्रिया के वैदिक पूर्व पक्ष एवं उत्तर पक्ष को दर्शाते हुये सृष्टि उत्पत्ति विषयक सिद्धान्तों का विश्लेषण किया गया है। देवर्षि कलानाथ शास्त्री द्वारा लिखित 'पं. मधुसूदन ओझा के मत में देव एवं असुर'शोधलेख में वेदविज्ञानानुसार देव एवं असुर तत्त्वों की विवेचना प्रस्तुत की गयी है। इसी क्रम में डॉ. रामदेव साहू द्वारा लिखित 'ब्रह्माण्डमण्डलपरिज्ञानम् (४)' शोधलेख में वेद विज्ञान में प्रतिपादित ब्रह्माण्ड के स्वरूप को स्पष्ट किया गया है। प्रो. गणेशीलाल सुथार द्वारा लिखित 'पं. मधुसूदन ओझाकी 156वीं जयन्ती' शोध लेख में पं. मधुसूदन ओझा के अवतदान को स्पष्ट किया गया है। प्रो. कैलाश चतुर्वेदी द्वारा लिखित 'वेदवाचस्पति पं. मोतीलाल शास्त्री' लेख में प. मोतीलाल शास्त्री के महत्त्वपूर्ण वेदविज्ञान विषयक शोध कार्य का विवरण प्रस्तुत किया गया है। डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा लिखित 'आचार्य वीरेश्वरशास्त्री द्राविड़' लेख में आचार्य वीरेश्वर शास्त्री द्राविड़ की व्यक्तित्व विषयक जानकारी प्रदान की गयी है। अन्त में डॉ. नारायणशास्त्री काङ्कर के 'राष्ट्रोपनिषत्' के कतिपय पद्य प्रकाशित किये गये हैं, जो गुरुशिष्यपरम्परा के गौरव को प्रदर्शित करने के साथ साथ आत्मचिन्तन की प्रेरणा प्रदान करने वाले हैं।

आशा है, सुधी पाठक इन्हें रुचिपूर्वक हृदयंगम करने में अपना उत्साह पूर्ववत् बनाये रखेंगे।

शुभकामनाओं सहित....

**-डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा**

# YOGA SUTRAS OF PATANJALI

## A Guide to Self-knowledge

**Mahamandleshwar Paramhans**
**Swami Maheshwaranandapuri**

**10. abhāva-pratyaya-ālambanāvṛttir-nidrā**

*abhāva – Absence, emptiness, non-existence*
*pratyaya – Perception, imagination*
*ālambana – Base, foundation*
*vṛtti – Thought, sensation*
*nidrā – Sleep*

**Sleep is the vritti which is characterized by the absence of any perception.**

Although without perception, sleep is also a vritti - how else would you know when you wake up whether you slept well or not?

The vritti of sleep is also divided into favourable and unfavourable.

Unfavourable is the dull, unconscious sleep, which is characterized by laziness and inertia (tamas-guna). It is the sleep of a crocodile that does not even wake up if you climb on it or roll it to the side. Such lazy sleep is very unfavourable, both for physical well-being and for spiritual sādhana. If the awakening is accompanied by fatigue, bad temper, and the feeling of being shattered, this is a sign that we are in a klishtanidrā. From a favourable sleep, on the other hand, we arise refreshed and begin the day with vigour and joy.

The strength of tamas-guna in us is largely determined by the food we eat, the air we breathe, and the society in which we move. If we do not eat too much and too luxuriantly in the evening and if we eat our evening meal before sunset (at the latest one hour after sunset), this supports a good, restful sleep, so that we wake up in the morning rested and refreshed. Late drinking of alcohol and eating sumptuous meals, on the other hand, promotes sluggishness and dull sleep.

**11. anubhūta-viṣaya-asaṃpramoṣaḥsmṛtiḥ**

*anubhūta – Experience*
*viṣaya – Topic, subject*
*asaṃpramoṣa – not forgotten*
*smṛti – Memory*

**Memories are preserved past experiences.**

Smriti, the vritti of memory, is connected with the brain and memory. The self (ātma) is the knower, the observer, to whom nothing escapes. However, since we are currently in the individual consciousness, the connection to the ātma is broken and we cannot access the unlimited knowledge of the divine self. Only in the level of super-consciousness (samādhi) we can see all three times - past, present, and future.

As with the other types of vrittis, there are unfavourable and favourable memories. The former cause the spiritual aspiration, while the latter are obstacles to the path of yoga.

Often, we are not even aware of smritis that exist within us and that can rise into our consciousness. We often think that we have overcome and solved a trait or memory, but it has only disappeared from our consciousness. At the smallest occasion, however, from the subconscious the former thoughts and feelings break through.

So far, we have talked about the basics of yoga and the various properties of the vrittis. Now Patanjali explains, how we can overcome these vrittis, so that we are no longer bothered and confused by them, and how we can be free from their influence in the future.

**12. abhyāsa-vairāgya-abhyāṃ tan-nirodhaḥ**

*abhyāsa – practice, repetition, regular execution, habit*
*vairāgyabhyām – through renunciation, non-attachment*
*tan – these*
*nirodha – Standstill, control*

**Through practice and non-attachment, the vrittis are brought under control.**

To overcome the vrittis, two things are necessary: continuous practice (abhyāsa) and detachment, non-attachment, renunciation (vairāgya) - see also the commentary on sūtra 5. The whirlpool of thought waves, which is constantly spinning in our consciousness, is continuously transformed by the force of habit and past impressions, and it is continually drawn to worldly things. To regulate and control the flow of vrittis, we need the counterforce of vairāgya.

Our path through life is determined by complex dependencies and multiple attachments to the māyā (worldly illusion). As soon as we have detached ourselves from an attachment to a person or thing, we usually immediately tie ourselves to another.

How often do we imagine heaven on earth in our dreams, expectations, and feelings - and yet we always land in the lowlands of disillusionment and disappointment. Attachment to worldly things finally leads to fear, separation, sadness, disappointment, pain, jealousy, and greed.

In the nature of every living being there is a desire to be connected with something or someone. Everyone is looking for a warm nest, a shoulder to lean on, a person to lean on for warmth and person with whom he feels warmth and trust. Unfortunately, human closeness is not permanent.

In Europe, America and Australia I have experienced countless human problems, how people live in prosperity and in comfort and yet are unhappy and dissatisfied.Manyof them suffer from the deceptions caused by incomprehension and lack of relationship. The same person who yesterday declared his eternal love for you, may not even open the door today when you ask for help, where are the vows of love? Such an experience is undoubtedly painful, and yet it is our own error and attachment from which we suffer. We had inaccurate

expectations, and we cling to them.

There are two mistakes we should try to avoid: firstly, cherishing false hopes, and second, clinging to our mistakes. Whoever refrains from these two mistakes lives happily, because he will not be disappointed. As soon as we realise that we have fallen into a false expectation, we can set ourselves free from it through meditation and right thinking. In the Yoga Sūtras, there are numerous instructions that can lead us out of this blind alley.

If we are already suffering due to our own error, we should not feel guilty. Self-accusations act likea creeping poison that numbs and eventually destroys us. Only in the expansion and liberation of consciousness do we recognise and experience our true self as the essence of the Supreme Self.

As a part of the divine consciousness, you are also divine - A gram of gold is as real gold as a kilogram of it. The difference is only in the form and the quantity. The quality, the essence, however, is the same. To remove or terminate the separation of the individual consciousness from the divine consciousness, is the most beautiful experience a human being can have!As long as this is only theoretical knowledge, we have to do only abhyāsa (practice and striving).

However, Vairāgya does not mean that we should now separate ourselves from our fellow human beings and that we should no longer love them. On the contrary, we will love more than we have done up to now. Only when we have experienced God will we know what true love is. Love only wants to make the other person happy and never cause pain.

The first exercise in which we should perfect ourselves is VIVEKA - right discernment and decisiveness. Viveka is the best and purest part of the mind and can also be called reason or conscience. Viveka enables us to distinguish between right and wrong. Based on this knowledge, we know which decision to make or which action to take or avoid.

To overcome emotional weaknesses and psychological instability, we also need willpower. By lability I do not mean a mental disorder, but rather the fickleness that is very common among spiritual seekers. They follow one teaching and then another, which means that their thoughts are subject to constant change. A true aspirant remains loyal to the path and the master he has chosen for life. The words of a spiritual teacher guide us from darkness

to light, from sadness to happiness, and from ignorance to knowledge. However, this is only the case when the student truly strives and is willing to follow.

Viveka leads us to the knowledge doctrine of the Vedānta. This is the teaching that transcends mind and consciousness by proclaiming: "SO HAM" - "I am That" - a part of God. This Unity we can feel only when viveka is formed. The human intellect may be very advanced and impressive, but only viveka leads to oneness.

A core sentence of the Vedānta philosophy is:

BRAHMA SATYAM JAGAT MITHYĀ - God is truth, the World is unreality.

Brahma (or Brahman) - the formless, all-embracing the universal self - is not to be confused with Brahmā, the personified creator god of the Hindu mythology. Brahman (also called as Paramātma or Īshvara) is the highest cosmic self, the one origin of the universe and all divine manifestations and incarnations.

Satya is truth, reality, jagata means world, and mithyā means unreality or illusion.

Once we have gained the insight through viveka that everything that surrounds us in the world is "unreal," i.e., transient, and changeable, and that we are, as in a dream state, the next question immediately arises: How can we recognize the reality behind it?

Through such thought processes and reflections, we distance ourselves from the things to which we are attached. For each of us, the day comes when a gold bar and a pebble have the same value, namely none at all. At the hour of death, even the largest diamond is worthless, because we can't buy a single second of life with it, and we can't take it with us to the other world.

As we search for spiritual values and experiences, material things gradually lose their significance for us. The great philosopher and scholar, ĀdiShankarāchārya (ca. 788-820 CE), said: "Perfect vairāgya is possessed by him for whom all the pleasures of earth and heaven are but 'bird droppings.'"

In order to reach the peak of the highest knowledge, we need two "wings": practice (abhyāsa) and non-attachment (vairāgya). First, Patanjali explains the characteristics of abhyāsa.

# दश वाद और ब्रह्मसिद्धान्त

**डॉ. प्रवीण पण्ड्या**
जालोर

***( गतांक से आगे )***

यदृच्छावाद कारण-कार्य भाव की कल्पना को ही अस्वीकार करता है—

**भ्रान्तोसि यत्कारणकार्यभावं प्रकल्पसे भूरिविलोकनेन ।**
**मृद्भ्यो जलं स्याज्जलतो मृदुः स्युः किमत्र कार्यं वद कारणं वा ।।**

**अतर्कितोपनतमस्ति सर्वं चित्रं जनानां सुखदुःखजातम् ।**
**काकस्य तालेन यथाभिघातो न बुद्धिपूर्वोस्ति वृथाभिमानः।।**

**व्योम्नि प्रसन्ने प्रभवन्ति मेघा मेघे प्रसन्ने तडितोप्यकस्मात् ।**
**अस्त्यद्य निर्वातमथ प्रवातं लौहाश्मसर्पा अपि खात् पतन्ति ।।**

**न कारणं कार्यमिहास्ति तस्मादिदं कुतो नेति न शङ्कनीयम् ।**
**अतर्कितं भावय यद्यथेदं यदृच्छयैवेदमुदेति सर्वम् ।।**[1]

नियतिवाद है—

**पुरा तिलात् तैलमजायतैवं तज्जायतेऽद्यापि जनिष्यते च।**
**अत्रापि जातं बहुदूरदेशान्तरेपि तत् तद्वदुपैति जन्म।।**[2]

अपरवाद का एक अन्य वाद प्रकृतिवाद है। यह वैदिक प्रकृतिवाद बाद में सांख्य के नाम से जाना गया। पञ्चशिख और आसुरि का यह मत है। इसमें पर के रूप में पुरुष को माना गया है और वह गुणमयी प्रकृति का आश्रय है। यहाँ प्रश्न उठता है कि ओझा जी अपर प्रकृति के साथ पर पुरुष को मानने वाले प्रकृतिवाद या सांख्य को अपरवाद के भीतर क्यों रखते हैं। इस प्रकृतिवाद की मान्यता है कि इस पुरुष या आत्मा में काल, स्वभाव और कर्म आकस्मिक रूप से उत्पन्न हो जाते हैं—

**यदृच्छयात्मन्युपपद्यते पुनः कालः स्वभावोऽपि च कर्म च त्रयम्।**
**कालाद् गुणानां भवति व्यतिक्रिया स्वभावतस्तत्परिणामवृत्तयः।।**[3]

गुण की परिभाषा है, निर्विशेष को विशिष्ट बनाना—स निर्विशेषस्य विशेषकृद् गुणः। यह वाद पर की स्थापना करके भी अन्ततः स्वभाव को प्रतिष्ठित करता है।

पाँचवाँ आवरणवाद पदार्थवाद या वस्तुवाद है। वस्तु की यहाँ ज्योति, यज्ञ और वयुन—इन तीन भागों में व्याख्या की गयी है। वयुन, वयोनाध और वय—ये तीन वैदिक शब्द यहाँ अपना अर्थ प्रकट करते हैं। वस्तु की सीमा वयोनाध है। इसे छन्द भी कहा जाता है। जिससे वस्तु का भार होता है, वह वय है। वस्तु का विज्ञान वयुन है। वस्तु की स्वतः प्रकाशता, परतः प्रकाशता और रूप प्रकाशता उसकी ज्योति है। पदार्थ का पदार्थान्तर होना उसका यज्ञ है—वाचो मनस्तन्मनसः पुनर्वाक् प्रवृत्त इत्थं क्रम एव यज्ञः। आवरणवाद का मत है कि यहाँ जो कुछ दिखायी पड़ रहा है, वह अलग अलग के तरह के यज्ञ हैं।

अम्भोवाद छठा वैदिकवाद है। यह आवरणवाद से सूक्ष्मतर या बृहत्तर पदार्थवाद है। अम्भः पदार्थ की सूक्ष्म या बृहद् स्थिति है। त्रिवृतात्मक जगत् जिसके भीतर है और जो इस त्रिवृतात्मक जगत् से बाहर है, वह अम्भः है। अम्भः के भृगु और अङ्गिरा—दो भेद हैं। इस अम्भः की विभिन्न गति और तनुता-घनता ही सृष्टि है। अम्भोवाद जगत् को सीमित और अम्भः को असीमित मानता है। इसकी मान्यता है कि जिसे ब्रह्म कहा जाता है, वह यह अम्भः है—किं ब्रह्म नामेति विचारणायां न त्वम्भसोन्यत्परितर्कयामि। यह अम्भः वह है, जो पूरे ब्रह्माण्ड को समुद्र के रूप में घेरे हुए है—

**समुद्रतोऽजायत एष सूर्यस्तत्रैव संतिष्ठत एष पश्चात्।**
**अर्वाक् च सूर्यात् परतस्तथापो दृश्यन्त आपोमयमस्ति विश्वम्।।**[4]

वेद में समुद्र के बहुत से वर्णन इसी अम्भोमय समुद्र से सम्बन्ध रखते हैं। अम्भोवाद की वैदिक दृष्टि को संक्षेप में इतना ही कहा जा सकता है, जबकि पण्डित ओझा जी ने अम्भोवाद नामक स्वतन्त्र ग्रन्थ में तीन अधिकारों में अनेक अधिकरणों में इसकी व्याख्या की है। सृष्टि की व्याख्या में पूर्वोक्त वादों की अपेक्षा यह वाद अधिक गहन है।

सातवाँ वैदिकवाद अमृतमृत्युवाद है। यह सृष्टि को नाशवान् और अनश्वर—दो तत्त्वों से बना हुआ मानता है। एक जो जन्मता, मरता रहता है, वह यह मृत्यु कहता है। जो तत्त्व नित्य है, उसे अमृत कहता है। परिवर्तमान और शाश्वत तत्त्व के द्वैत में सृष्टि है। भौतिक और अभौतिक—समस्त सर्गों की यह इस आधार पर व्याख्या करता है। अमृत तत्त्व को वेद में रस कहा गया है और मृत्यु को बल। शाश्वत और नाशवान् एक – दूसरे में समाविष्ट रहते हैं।

आठवाँ वैदिकवाद अहोरात्रवाद अहः और रात्रि के द्वैत में सृष्टि को समझाता है। अहः और रात्रि इतनी व्यापकता में आते हैं कि पृथिवी रात्रि है और सूर्य अहः है। यह वाद प्रकाश पर आधारित है। प्रकाश की गति का अवरोध करने से पृथिवी रात्रि है। यहाँ सुखरात्रि, भूतरात्रि और शिवरात्रि का प्रतिपादन हुआ है। रात्रि को यह वाद प्रकृति मानता है और अहः को

विकार से उत्पन्न मानता है। अहोरात्रवाद बहुत महत्त्वपूर्ण वैदिक वाद है। ओझा जी ने इसे विस्तार से प्रतिपादित किया है। ज्ञान-अज्ञान, शुक्ल-कृष्ण वर्ण, प्रकाश-अन्धकार, भाव-अभाव, द्यावा-पृथिवी, स्थिर-चर, पृथ्वी-सूर्य, ऋत-सत्य के रूप में अहः और रात्रि की व्यापक मीमांसा यहाँ है। अहोरात्रवाद वैदिक यज्ञवाद है। हमें यह प्रतीत होता है कि रजोवाद, अम्भोवाद और अहोरात्रवाद—इन तीन वादों में सृष्टिप्रक्रिया का विशद प्रतिपादन है और इनके गम्भीर अध्ययन से हम वेदार्थ के अधिक निकट पहुँच सकते हैं। इन तीन वादों को, इनमें भी रजोवाद और अहोरात्रवाद, इन दोनों में भी अहोरात्रवाद वैदिक सृष्टि प्रक्रिया की सबसे बड़ी व्याख्या है। सिद्धान्त के रूप में निश्चित ब्रह्मवाद सम्भवतः इन वादों के साथ ब्रह्म को प्रतिष्ठित करने से प्राप्त होता है। चूँकि अहोरात्रवाद यज्ञवाद होने से कर्म या कार्य ब्रह्म तक व्याप्त होता है, अतः वह सिद्धान्त नहीं है।

नौवाँ वाद दैववाद है। ऋग्वेद में बृहदुक्थ ने इसका प्रतिपादन किया है। इसका मूलसूत्र है—

**यदस्ति किञ्चित् सकलं हि दैवाधीनं सदाकस्मिकमेव मन्ये।**
**भवन्ति जीवन्ति तथा म्रियन्ते दैवादिति प्राग् बृहदुक्थ ऊचे।।**[5]

बृहदुक्थ की ऋचा है—

**विधुं दद्राणं समने बहूनां युवानं सन्तं पलितो जगार।**
**देवस्य पश्य काव्यं महित्वा अद्या ममार स ह्यः समान।**[6]

सूर्य, चन्द्र, मिट्टी, जल सब कुछ दैव है।

दसवाँ वाद संशयवाद है। जगत् के स्वरूप को जानने के समस्त प्रयत्न सम्भावना पर आधारित होने से जगत्-कारण संशयास्पद हैं—

**नाद्यापि निश्चित्य वदन्ति केचित् तदित्थमेवेति जगत्स्वरूपम्।**
**सम्भावनामात्रकृतं तदेषामुक्तं ततः संशयितं समस्तम्।।**[7]

२

ये सभी वाद ब्रह्मा के जन्म से पूर्व साध्यों ने कहे थे। साध्यों का वेद में महान् ऋषियों के रूप में स्मरण किया गया है। ये वाद देवयुग तक प्रचलित रहे। बाद कोई ऋषि ब्रह्मवाद को प्रतिपादित करते हैं और ब्रह्मवाद के प्रतिपादक होने से वह ब्रह्मा कहलाते हैं। यह ब्रह्मवाद वेद का सिद्धान्त है। ब्रह्मा को परमेष्ठी और विश्वकर्मा कहा गया। दशों वैदिक वादों में द्वैत दृष्टि साधारण है। ये सभी सृष्टि की व्याख्या द्वैत में करते हैं, जबकि वेद की प्रतिपाद्य दृष्टि अद्वैत है और वही ब्रह्म है। पर और

अपर, सोम और अग्नि—ये सभी विभाजन वास्तव में नहीं है। वास्तव में तो एक ब्रह्म है। वन भी ब्रह्म है और वृक्ष भी ब्रह्म है। वृक्ष और वन का द्वैत वास्तव में नहीं है, यह सिद्धान्त है—**ब्रह्म वनं ब्रह्म स वृक्षः**[8] (तैत्तिरीय ब्रा. २.८.९)

नासदीय सूक्त में सात मन्त्र हैं। इन्हीं में दशों वाद और सिद्धान्त हैं। दशवाद रहस्य में इन मन्त्रों का अनुवाद करते हैं। उस अनुवाद में ओझा जी द्वारा प्रतिपादित ब्रह्मसिद्धान्त संक्षेप में आया है। विस्तार से उन्होंने ब्रह्मसिद्धान्त नाम से ग्रन्थ में लिखा है।

अपरवाद, आवरणवाद आदि तो बहुत स्थूल बुद्धि विज्ञान हैं, किन्तु रजोवाद और अहोरात्रवाद जैसे महान् वैदिकवादों में भी सृष्टि की सही व्याख्या क्यों नहीं है अथवा इन वादों का निरास ब्रह्मवाद किस तरह करता है तो उत्तर यह है कि अग्नि-सोम, रज- परोरजा, पर-अपर, अहः –रात्रि, आभु और अभ्व—ये वस्तुतः दो नहीं है और इनके मध्य भोक्ता-भोग्य भाव नहीं है। सृष्टि में परस्पर सहकार और सहभाव है, क्योंकि वस्तुतः वह अनेक न होकर एक है। ओझा जी का मत है—

**ब्रह्मैव देवाँस्तु वितत्य देहे सर्वं यथा चालयतीह तन्त्रम्।**
**तदुक्तमाथर्वणसंहितायां सूक्ते द्वितीये दशमे तु काण्डे।।**[9]

**सन्दर्भ -**

१ दशवादरहस्यम्, अपरवाद, यदृच्छावाद अधिकरण २-५
२ दशवादरहस्यम्, अपरवाद, यदृच्छावाद अधिकरण १
३ दशवादरहस्यम्, अपरवाद, प्रकृतिवाद अधिकरण, ७
४ दशवादरहस्यम्, अपरवाद, अम्भोवाद, २
५ दशवादरहस्यम्, दैववाद, ४
६ ऋग्वेद ८.१.१६
७ दशवादरहस्यम्, दैववाद, ६
८ तैत्तिरीय ब्रा. २.८.९
९ दशवादरहस्यम्, सिद्धान्तवाद, ४

# पं. मधुसूदन ओझा के मत में देव एवं असुर

**देवर्षि कलानाथ शास्त्री**

**(राष्ट्रपति सम्मानित), प्रधान सम्पादक** ''भारती''संस्कृत मासिक
**पीठाचार्य, भाषामीमांसा एवं शास्त्रशोध पीठ** - विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान, जयपुर
**पूर्व अध्यक्ष** - राजस्थान संस्कृत अकादमी
**आधुनिक संस्कृत पीठ** - जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय
**पूर्व निदेशक** - संस्कृत शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान सरकार
**सदस्य** - संस्कृत आयोग, भारत सरकार

ओझा जी ने देव, असुर, मनुष्य आदि का स्वरूप तथा देवासुरसंग्राम का रहस्य बताते हुए इस प्रकार के सूत्र दे दिये है, जिनसे सभी वैदिक उल्लेख स्पष्ट हो जाएँ। जिस प्रकार उन्होंने आधिदैविक, आधिभौतिक और आध्यात्मिक तीन विभागों द्वारा त्रैलोक्य को समझाया है, जिसे दिव्य शारीर और भौम कहा है (जिनके स्वामी अग्नि, वायु और इन्द्र को बताया है) उसी प्रकार देवासुरों का भी विभाजन किया है। उनके सूत्र हैं -

**अखिला नराः पुरात्वे त्रेधा भिन्नाः प्रधानतो ह्यभवन्।**
**देवा अथ च मनुष्या देवविरोधात् त्वदेवाश्च ।।**
**अत्युन्नतविज्ञानाः प्रभाववन्तोऽभवन् देवाः ।**
**विज्ञानदुर्बला अपि बहुलप्रज्ञा महाबला असुराः।।**
**साधारणी तु जनता मनुष्यनाम्ना प्रतीताऽऽसीत्।**
**तत्रादेवा आसन् दानव-दैत्याश्च दस्यवः पणयः।।**
**अफ्रीकाद्या देशा दैत्यानां दानवानां च।**
**फीनीशिया पणीनां दस्यूनां हेमकूटाद्याः।।**
**वेदग्रन्थे कथिताः समराः सर्वेऽपि पंचभेदाः स्युः।**
**देवानां तैः पणिभिर्दानव-दैत्यैश्च दस्युभिश्चार्यै :।।**
**देवाः आर्यैः दासैः पणिभिर्गोष्वद्रिसोमके दैत्यैः।**
**क्षित्यर्थे दानवकैरायुयुधुः प्रकीर्ण-विषयेषु ।।**[1]

इससे स्पष्ट होता है कि नरों के ही तीन विभाग थे। देव, मनुष्य और अदेव। अत्यन्त उत्कृष्ट मेधा और विज्ञान वाली

जाति देव कही गई। उत्कृष्ट बुद्धि किन्तु कमजोर विज्ञान वाले असुर हुए जो बलशाली थे। अदेवों में चार प्रकार की जातियाँ थीं - दैत्य, दानव, दस्यु और पणि। वेदों में जो संग्राम वर्णित हैं, वे पणियों दानवों दैत्यों दस्युओं और आर्यों से हुए थे। वे किस उद्देश्य से हुए थे, इन सबको स्पष्ट करते हुए उन्होनें बताया है, कि दासराजाओं से सूर्य विज्ञान के सिलसिले में देवों का युद्ध हुआ, गायों के लिए पणियों से, सोम के लिए दैत्यों से, पृथ्वी के लिए दैत्यों और दानवों से युद्ध हुआ।

कुछ अन्य कारणों से आर्यों से भी देवों के युद्ध हुए थे। देवेन्द्र स्वयं ऐसे अवसरों पर सेनाओं का नेतृत्व करते थे और युद्ध में विजयी होते थे। ओझा जी ने इन युद्धों में इन्द्र की विजय का इतिहास इन्द्रविजय में वर्णित किया है। उसी प्रसंग में उसी भू-भाग से जिसे ओझा जी स्वर्ग कहते हैं इन्द्र का भारत में आगमन, दस्युओं का निग्रह तथा उनका साथ देने वाले राजाओं पर विजय आदि इसमें विस्तार से वर्णित किया है। इन इतिहासों में इन्द्र के वे सारे वर्णन समाहित हो जाते हैं, जिनसे अध्येता दिग्भ्रांत हो जाते थे। इन्द्र और वृत्र के संग्राम को जहाँ आधिदैविक स्तर पर ओझा जी ने विज्ञान के तत्वों को अंतःक्रिया के रूप में समझाया है, वहीं इतिहास के स्तर पर भी उसका निर्वचन करते हुए आख्यान को स्पष्ट किया है। वृत्र को नागवंशी राजा बताया है, जिसने बड़ी-बड़ी पहाड़ी चट्टानों से नदियों को रोक कर बाँध बना दिया था। इन्द्र ने उसे मारा, चट्टानों को तोड़ा, जिससे नदियों का जल फिर बहने लगा। यही रहस्य है साँप के रूप में नागवंशी वृत्र के वैदिक स्वरूप का तथा इन्द्र द्वारा पर्वतों के पंख काटने का।

इसी प्रकार ऋग्वेद के दाशराज युद्ध के आख्यानों का समन्वय भी उन्होंने 'इन्द्र-विजय' में कर दिया है। इसे अधिकांशतः दास राजा से युद्ध के रूप में देखा है, उन्होनें संजय के पुत्र दिवोदास अतिथिगव को जब शंबरासुर ने सताया तो किस प्रकार इन्द्र ने महासमर में उसका वध करवाया और 100 पुरियों का नाश किया, इसका इतिहास वर्णित करते हुए उन्होंने इन्द्र का पुरंदर नाम, शंबरारि नाम आदि की सार्थकता बताते हुए युद्धों के आख्यान व्याख्यात किये हैं। चूँकि यज्ञ ऋषियों के ज्ञानसत्र, वैज्ञानिक प्रयोग, सेमिनार आदि की तरह आयोजित समारोह होते थे, उनमें सम्राटों को भी बुलाया जाता था। यही थी आहुति याने बुलावा। आहुति को आहूति मानने का संकेत ब्राह्मणों में मिलता है। इन्द्रादि देव आते थे, सोम पीते थे, उनका अभिनन्दन होता था। ऋषि लोग अभिनन्दन पत्र पढ़ते थे यही थे उनके सूक्त। ऋषियों के शास्त्रार्थ, संवाद इसी प्राचीन इतिहास के अंग हैं। इन्द्र को भूस्वर्ग से (जो भारत के सुदूर उत्तर में था) यहाँ आने पर कहाँ ठहराया गया, उसकी क्या खातिर की गई इसका वर्णन भी वैदिक सूक्तों में है। इसे इतिहास के रूप में विवेचित करना शेष था, जो ओझा जी ने किया है।

**सन्दर्भ -**

१. देवासुरख्याति - पृ. ८८

# ब्रह्माण्डमण्डलपरिज्ञानम् (४)

**डॉ. रामदेव साहू**
प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष (वेदविज्ञान)
विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान, जयपुर (राज.)

***(गतांकादग्रे)***

अथेन्द्रप्राण आयुरात्मा। सर्वेषामेषां भूतभौतिकजातानां प्राणिनां विज्ञानान्यात्मानोऽमी आयुषः सम्भवन्ति। 'अरा इव रथनाभौ यत्रोपसृष्टेभ्यः पञ्चदेवेभ्यो वाक् प्राण चक्षुः श्रोत्राणि प्राणाश्च आविर्भवन्तो लक्ष्यन्ते स आयुरात्मा। स इन्द्रः। यज्ञो वा आयुरिति।'[1] अत्र यज्ञ इति जीवनप्रक्रियाया एवापरं नाम। इन्द्रियाण्यधिकृत्य सः सम्पद्यमानो भवति, अत एव इन्द्रियाधिष्ठातृत्वात्तस्यैवेन्द्र इत्यपरा संज्ञा। वागादीनां पञ्चानां समष्टिरप्यनेनैव प्रतिष्ठते अतएवायमेवात्मेति। अयमेव च जीवनपर्यायः। इन्द्रप्राणावस्थितिं यावज्जीवनमिति दर्शनात्।

अथ चन्द्रमण्डलेऽपि रेतः श्रद्धा यशश्चेति तिस्रो मनोता उत्पद्यन्ते। रेतश्चान्द्ररसः। चन्द्राद्रीयते इति। यस्यात्मनोंऽशानुपादाय किञ्चिदपूर्वं प्राणि जायते स रेतः सिक् प्रभव इति वा। त्रयो रेतःसिचः सूर्यश्चन्द्रः पृथिवी चेति। अत्र चान्द्ररसो ग्राह्यः। अयं चान्द्ररसः इडया नाड्या गृह्यमाणो भवति। अन्नेनाप्ययं गृह्यमाणो भवति। अन्नं भुक्तं रसादिक्रमेण शुक्रं भूत्वा चान्द्ररसं शरीरिणं कुरुते। अर्थात् इडया नाड्या गृह्यमाणश्चान्द्ररसः यदा अन्नरसेन संपृक्तो भवति, तदा शुक्रमुत्पद्यते। अतएव शुक्रमपि रेतः पर्याय एवोच्यते। अस्मिन् शुक्रेऽहरहश्चान्द्रं सहोऽनुवर्तते। शरीरस्थो महानात्मा शुक्रे प्रतिष्ठिते तदुत्क्रमणे चोत्क्रमते। शुक्रस्य रेतस उत्क्रमणस्वाभाव्यात्। मूलतस्तु रेतः क्षर आत्मैव। प्रजासृष्टेः षट्पर्वसु पञ्चममेतत्पर्व। अस्य रेतसश्चतुर्धात्वमुक्तम्। यथा -

**''क्षर आत्मैष रेतस्त्वं पाप्मना यात्यविद्यया।**
**कर्मभेदादिदं रेतश्चतुर्धा प्रतिपद्यते।।**

**अमृतं ब्रह्मशुक्रं च सत्त्वं चेति क्रमाद् भवेत्।**
**नातोऽन्यद् वर्तते किञ्चिद् यदिदं दृश्यते जगत्।।[2]''**

रेतः स्वमूलस्वरूपे अमृतम्। तच्च पारमेष्ठ्यो रसः। सूर्यात्सिक्तः सूर्यरसो ब्रह्म, बृंहणशीलत्वात्। चन्द्रात्सिक्तश्चान्द्ररसः शुक्रम् शोचिष्मत्त्वाद्दीपनकरत्त्वाच्च। पृथिव्या सिक्तः पार्थिवो रसः सत्त्वम् प्राणिशरीरम्। सत्त्वे

प्राणिशरीरे शुक्रं प्रतिष्ठति। शुक्रे चान्द्ररसे सूर्यरसरूपि ब्रह्म प्रतिष्ठते। ब्रह्मणि सूर्यरसे च अमृतं प्रतिष्ठते।

अथ श्रद्धोच्यते। श्रतो धानं श्रद्धा। 'श्रयते इति श्रत्' इति व्युत्पत्त्या सदाश्रितं वस्तु तत्त्वं वा श्रद्धेत्युच्यते। सा च चान्द्ररसे आपोमये दृढभावबद्धा भवति। अपां चतुर्षु भेदेस्वेषाऽन्त्यभेदरूपा। उक्तं च - अम्भः मरीचिः मरः श्रद्धा इत्येताश्चतुर्विधाआपः। आसु चन्द्ररश्मिमया सौम्याः आपः श्रद्धा। यतो हि चान्द्ररसस्य सोमस्य चोत्पत्तौ श्रद्धैव हेतुः। उक्तञ्च पञ्चाग्निविद्याप्रकरणे -

**''असौ वाव आदित्योऽग्निः तस्याऽऽदित्य एव समित्।**
**तस्मिन्नेतस्मिन्नग्नौ देवाः श्रद्धां जुह्वति।**
**तस्या आहुतेः सोमो राजा सम्भवति।।**[3]''

श्रद्धा चेयं मनोनिष्ठा। चान्द्ररसान्तर्निष्ठसहोद्रव्याणामात्मन्याधानं कृत्वैषा मनसा तानि सहोद्रव्याणि रेतः (शुक्रं) प्रापयति। सहोद्रव्यैरेव रेतः प्रजोत्पादने समर्थो भवति। एवं चेच्छ्रद्धायाः महान् प्राण्युपकारः। एवमियं सूत्रानुबन्धिनी। मूलतः आप्त्वाच्च मेध्या अर्थात् संगमनीया। एवमियमेव च पितृप्राणानामधिष्ठात्री। आलक्ष्यरूपाप्येषा श्रद्धा पार्थिवप्राणिनां चन्द्रलोकस्थैः पितृभिः सम्बन्धं विज्ञापयति। श्रद्धासूत्रेणैव पितर अनुबद्धा भवन्ति। ते च चान्द्ररश्मिनिष्ठाः। चन्द्ररश्मीणां परिपोषेणैव पितरो बलीयांसो भवन्ति। परिपोषमाप्तैः च रश्मिभिः शरीरस्थाः पितृप्राणा अपि वीर्यवन्तो भवन्ति। अतएव चन्द्ररश्मिपरिपोषाय श्राद्धं सूर्यरश्मिपरिपोषाय बलिवैश्वदेवं च विधीयते।

अथ यशः। कर्मणि निष्ठापन्ने यशः आधीयते। तस्य यशसश्चिन्निष्ठत्वात्कर्मणश्चिन्मूलत्वमुपपद्यते। चिच्चेदं चन्द्रगृहीतसौररश्मीणां प्रत्यादाने प्रतिष्ठितं भवति। चयनाच्चिदिति संज्ञा। सौररश्मीश्चिनोतीति। तासां रश्मीणां प्रत्यादानेनैव प्राणिशरीरेऽपि चिदुत्पद्यते। तदेव प्राणिनां कर्मसु प्रेरकं भवति। तद्वशादेव विहित कर्माणि कुर्वाणः प्राणी यशस्वी भवति। अतएवोक्तं श्रीमद्भगवद्गीतायाम्-

**'यः शास्त्रविधिमुत्सृज्य वर्तते कामकारतः।**
**न स सिद्धिमवाप्नोति न सुखं न परां गतिम्।।**[4]'

विहितं कर्मएव धर्म। तन्निर्देशमुक्तवान् वैशेषिके कणादः-

**'अपां संघातो विलयनं च तेजः संयोगाद्'**[5] इति सूत्रेण।

अत्रोक्तं यत् योऽग्निरप्सु प्रविष्टः सन् जले द्रवभावं विधत्ते, स अग्निः तत्र स्वरूपधर्मेण प्रविष्टो भवति। सोऽयमग्निस्तदानीमात्मनस्तापधर्मं विहाय जलस्यात्मा भवति। तद्विनाशे जलस्वरूपनाशः, तत्सत्तायां च जलस्थितिः।

पुनरपि वह्निसंयोगाज्जलमुष्णं जायते। सोऽयमूष्मा अग्नेरागन्तुको धर्मः। यदि अस्य आगन्तुकधर्मभूतस्य बहिरग्नेरप्सु आत्यन्तिकं सम्बन्धो जायते, तदा तु जलपरमाणवो विशकलिता भूत्वा वाष्परूपे परिणताः सन्तः उत्क्रान्ता भवन्ति। अस्याम् अवस्थायाम् एष आगन्तुको धर्मो जलस्वरूपविनाशे प्रवृत्तः सन् अधर्म एव। इत्थं स्वभावभूतधर्मानुकूला क्रियैव धर्मः। स्वभावभूतधर्मप्रतिकूला क्रिया तु सर्वथाऽप्यधर्म एव। एवं च पूर्वोक्तमिदमेव वस्तुधर्मवृत्तं प्राणिधर्मविषयेऽपि ग्राह्यम्। तथा हि मनुष्येषु यन्मनुष्यत्वं नाम तद् यादृशैर्व्यापारैर्यादृशैश्च द्रव्यसम्बन्धैरवस्थाप्यते ते मनुष्याणां धर्माः। तैरेव तदीयं यशः प्रतिष्ठते।

चन्द्रः वर्षपर्यन्तं या सौररश्मी आददते, तेनैव तदीयं यशोरूपं तेजः प्रतिष्ठते, तत्र चतुर्णां देवानां योगदानं भवति। अथोक्तं ताण्ड्यब्राह्मणे -

**'अग्निः इन्द्रः वायुः मखश्चेति चत्वारो यशःसत्रिया देवाः'**[6] इति।

**अग्न्यादयश्चैते चत्वारः सोमं रक्षमाणाः यशः प्रतिष्ठापयन्ति।**[7]

अथ पृथिवीमण्डलेऽपि वाग् गौ द्यौरिति तिस्रो मनोता उत्पद्यन्ते। पृथिवीमण्डले या वाक् सा अग्निरेव। अतएवोक्तमेतरेयोपनिषदि - 'अग्निर्वाग्भूत्वा मुखं प्राविशत्।' इति। इयं वाक् अन्नप्रसवा। मैत्रायणीश्रुतौ अस्याः स्वरूपं विवृण्वानो महर्षिराह - ''अन्नं वै वाजः। वाग्घि वाजस्य प्रसवः। सा वै वाक् सृष्टा चतुर्धा व्यभवत्। एषु लोकेषु त्रीणि तुरीयाणि। पशुषु तुरीयम्। या पृथिव्यां साऽग्नौ सा रथन्तरे।'' इति। अर्थात् पृथिव्यां या वाक् प्रतिष्ठते, सा अन्नबलेनैव बलीयसी भवति। इयं प्राणगर्भिता मनोमयी चेत्युक्ता। यथोक्तम् महर्षिकुलवैभवे-

**''आच्छन्दिता वाङ्मनसा विना कृता**
**विज्ञानमाच्छन्दितमस्ति तन्मनः।**
**वागेव या प्राणमयी मनोमयी**
**मर्त्यामृताच्छन्दनमेति नो मनः।।**[8]

इयं वाक् वर्णध्वनिरूपैश्छन्दोभिः आच्छन्ना भवति। मनसश्च वाचश्च अविनाभावसम्बन्धः। यदा विज्ञानमपि आच्छन्दितं भवति (ऐन्द्रिकचेष्टादिभिराच्छन्नं भवति) तदा तत् मन इत्युच्यते। वागनुबद्धत्वात् आच्छन्दितत्वाच्च द्वैधीभावङ्गतं मनःप्रवृत्तिं दर्शयति। प्रवृत्तौ अन्तर्हेतुर्मनः बाह्यहेतुर्वाक् चेति विज्ञापितं भवति।

पृथ्वीमण्डले लोकत्रयावस्थानात् पृथिव्यां पशुषु (प्राणिषु) या वाक् सा तुरीया (वैखरी) वाक् सम्मता। मध्यमस्थानीये अन्तरिक्षे या वाक् सा मध्यमा। या च ऊर्ध्वस्थानीये द्यवि विद्यते, सा वाक् पश्यन्ती। लोकत्रयात् परेषु

उर्ध्वलोकेषु या वाक् सा परा वाक् उक्ता। एवं वाचश्चतुर्धात्वम्। आसु तुरीया वागग्नेरायत्ता। मध्यमा वाग्वातायत्ता। पश्यन्ती वाक् इन्द्रायत्ता। परा वाक् ब्रह्मायत्ता। अग्नेरायत्तत्वात्पृथिव्याः प्राणिनां वाक् तुरीयैव संभवति । उक्तं च ऋक्संहितायाम् -

**'चत्वारि वाक्परिमिता पदानि, तानि विदुर्ब्राह्मणा ये मनीषिणः।**

**गुहा त्रीणि निहिता नेङ्गयन्ति, तुरीयं वाचो मनुष्या वदन्ति।।'**[9]

गौरिति द्वितीयः पृथिवीरसः। अयं हि पृथिव्या उत्थाय दिवं यावदभिव्याप्तः सर्वान्नानामुत्पत्तावुपादानभूतो गौरित्युच्यते। उपादानकारणे गोशब्दः 'ततो या योनिरुदशिष्यत सा गौरभवत्।' योनिर्वै नामैष इति मैत्रायणीश्रुतेः। गवामन्नरसोपनायकत्वाच्चान्नत्वम्। ज्योतिर्गौरायुरिति त्रिरसस्य सूर्यस्य गोभ्यः सर्वे रसाः सर्वाण्यन्नानि पृथिव्यामुत्पद्यन्ते तानिन्द्रो भुंक्ते। अयमेव यज्ञः। अस्मादेव चेयं पृथिवी अप्युपलक्षणतया गौरित्युक्ता। यथा यजुःसंहितायास्तृतीयाध्याये-

**'आयं गौः पृश्निरक्रमीदसदन्मातरं पुरः। पितरं च प्रयन्त्स्वः।'**[10]

अत्र पृश्निः अन्नम्। पृश्निशब्दस्यान्नवाचकत्वं स्वीक्रियत इति विषये महाभारतकारः शान्तिपर्वण्युल्लिखति -

**'पृश्निरित्युच्यते चान्नं वेद आपोऽमृतं तथा।**

**ममैतानि सदा गर्भः पृश्निगर्भस्ततोऽस्म्यहम्।।**[11]**'**

छान्दोग्योपनिषद्यपि तेजोऽबन्नानां सृष्टिकथने अन्नशब्देन पृथिवी निर्दिष्टा। अतोऽत्रापि मन्त्रे पृश्निर्नाम सर्वेषां भूतानां प्राणरक्षकतयाऽन्नभूता गौः पृथ्वी, पुरः = पूर्वतः एव, मातरं = मानदण्डभूतं (स्वमक्षदण्डम्) असदत् = संतिष्ठते, अक्रमीत् = परिभ्रमति च। पुनः यं पितरं = स्वजननकं सूर्यं प्रयन् = द्युलोकमाक्रामती सती, आ = परितः, अक्रमीत् = आवर्तते स्म। एवं गतिद्वययुता पृथिवी एव क्वचिदुपलक्षणया गौरित्युक्तेति नास्ति काचिद् विप्रतिपत्तिः।

द्यौरिति तृतीयः पृथिवीरसः। येनेयं पृथिवी आत्मानं द्योतते तद् द्यौरिति। अयमेव वैश्वानरः। स्वरूपतस्तु सोऽग्निरेव। द्योतनकर्मत्वाद् द्यौरिति संज्ञा। अग्निः चित्य-चितेनिधेयभेदाद् द्विविधः। पृथिव्याम् अन्तरिक्षे दिवि च क्रमशः प्रतिष्ठितस्याग्नेः वायोरादित्यस्य च परस्परं संघर्षादुत्पन्नः तापधर्माऽग्निर्वैश्वानरः। पृथिवी इत्येकं विश्वम्। अन्तरिक्षमिति द्वितीयं विश्वम्। द्युलोकश्चेति तृतीयं विश्वम्। एष्वेव त्रिष्वधिष्ठातृत्वेन अग्निवाय्वादित्याः प्रतिष्ठिताः। यथोक्तं यास्केन निरुक्ते दैवतकाण्डे -

**'अग्निः पृथिवीस्थानः वायुर्वेन्द्रोवाऽन्तरिक्षस्थानः सूर्यो द्युस्थानः इति।**[12]**'**

एता अग्निवाय्वादित्याख्यास्तिस्रो देवता वैश्वानराग्नेराधारभूताः सन्ति। अस्य वैश्वानरत्वमेवमाचष्टे - 'विश्वेषां

नराः विश्वानराः विश्वानरेभ्यो जातोऽग्निर्वैश्वानरः' इति। अनेन लोकत्रयावच्छिन्नस्याग्ने प्राणापानव्यानमूर्त्तित्वं तापधर्मात्वञ्चोपपद्यते। शतपथब्राह्मणेऽपि अग्नेर्लोकनादेव लोकानां लोकत्वमभ्युपगतम्। यथा -

**'स यः स वैश्वानरः। इमे स लोकाः। इयमेव पृथिवी विश्वमग्निर्नरः।**

**अन्तरिक्षमेव विश्वं वायुर्नरः। द्यौरेव विश्वमादित्योनरः।**[13]'

अयमेव वैश्वानराग्निर्याज्ञिकैश्चित्याग्निरित्युच्यते। अयं वैश्वानरः यदा पृथिव्या रश्मिभिर्निस्सृतः पृथिव्या वायुमण्डले संस्थितः सूर्यरश्मिभिः सम्पृक्तो भवति, तदा पृथिवीरसरूपा द्यौर्जायते। द्यौः सुरासुराणां प्रतियोगिभावेन ग्राह्या भवति। अस्मिन् विषये इदं ज्ञातव्यं यत् पृथिव्याः स्वे रश्मयः तामसत्वादसुरा भवन्ति, किन्तु सूर्याहिता रश्मयः पृथिव्याघातेन प्रतिफलिता दीप्यमानत्वात् देवाः इत्युच्यन्ते। प्राणिप्रसवयोग्यत्वाद्रमणीयत्वाच्च त एव सुरा इत्यपि कथ्यन्ते। एत एव पार्थिववायुमण्डलान्तर्गतं ताः वैश्वानरस्य द्यौस्त्वं सान्वर्थं विदधति।

**सन्दर्भाः**

1 ताण्ड्य ब्रा.-6/4/4)
2. देवतानिवित्-8/4/2,3
3. छांदोग्योपनिषद्-पञ्चाग्निविद्याप्रकरण / पृ. 137-138
4. श्रीमद्भगवद्गीता-16/23
5. वैशेषिकसूत्रम् पृ. 43
6. तांड्.ब्रा.-7/5/6
7. महर्षिकुलवैभवम् / पृ.5
8. महर्षिकुलवैभवम्/पृ.53
9. ऋग्वेद -1/164/45
10. शुक्ल यजुर्वेद 3/8
11. महाभारत-शान्तिपर्व
12. निरुक्त - दै. कां. - 7/5
13. श.बा.-9/3/1/3

# पण्डित मधुसूदन ओझा की १५६वीं जयन्ती

**प्रो. गणेशीलाल सुथार**

सेवानिवृत्त अध्यक्ष - पं. मधुसूदन ओझा शोधपीठ

जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर

दिव्य प्रातिभ अन्तर्दृष्टि से 'वेदविज्ञान' के प्रथम प्रतिपादक महामहोपदेशक विद्यावाचस्पति समीक्षा चक्रवर्ती पण्डित मधुसूदन ओझा (मैथिल) की 156-वीं जयन्ती (श्रीकृष्णजन्माष्टमी-20 अगस्त, 2022) के पावन अवसर पर वेदरहस्योद्‌घाटन के क्षेत्र में उनके महतो महीयान् और सर्वातिशायी अवदान का स्मरण प्रत्येक वेदविद्यानुरागी का कर्त्तव्य है। यह सत्य और तथ्य है कि वे आधुनिक युग के वेदव्यास थे। यह कोई अत्युक्ति नहीं है कि **'समस्त वेदों के द्वारा एकमात्र वेद्य तथा एकमात्र वेदान्तकृत् तथा वेदविद्'**[1] अव्यय पुरुषोत्तम भगवान् श्रीकृष्ण के अंशावतार के रूप में आधुनिक युग में लब्धजन्मा पण्डित मधुसूदन ओझा ने संस्कृत में रचित 108 ग्रन्थों द्वारा वेदार्थविषयक समस्त विप्रतिपत्तियों और भ्रान्तियों का निवारण किया था।

इस शुभावसर पर पण्डित ओझा जी के वेदविज्ञानसम्बन्धी किसी एक सिद्धान्त का शास्त्रीय प्रतिपादन विस्तारभय से अपेक्षित न होने के कारण उनके वेदविज्ञानविषयक कतिपय मौलिक सिद्धान्तों को बिन्दु रूप में रेखांकित करना सर्वथा उचित तथा उपयोगी होगा -

पण्डित ओझाजी का प्रथम अवदान यह है कि उन्होंने वेदसंहिताओं, ब्राह्मणग्रन्थों, आरण्यकों और उपनिषदों की समष्टि को 'कृत्स्न वेदशास्त्र' के रूप में स्थापित किया। पाश्चात्य पद्धति के अनुयायी आधुनिक भारतीय वेदज्ञों तथा दार्शनिकों ने उपनिषत् श्रुति को मन्त्रब्राह्मणात्मक श्रुति से विभक्त कर दिया, जो पण्डित ओझा जी को सर्वथा अस्वीकार्य था। उन्होंने 'शारीरकविमर्शः' नामक महाग्रन्थ में स्पष्ट संकेत किया है, कि वेदशास्त्र द्विविध है - ब्रह्म तथा ब्राह्मण। ब्राह्मणग्रन्थ के तीन पर्व (भाग) हैं - विधिकाण्ड, आरण्यकाण्ड और उपनिषत् काण्ड। यज्ञविधि कर्मकाण्ड है, आरण्यक उपासनाकाण्ड है और उपनिषत् ज्ञानकाण्ड है। इस प्रकार सम्पूर्ण वेद की मन्त्रब्राह्मणात्मकता सिद्ध हो जाती है।[2]

पण्डित ओझाजी ने ही इदम्प्रथमतया वेदशास्त्र के प्रतिपाद्य विषय का चतुर्धा विभाग किया है, जैसा कि उनके

ग्रन्थशिरोमणि (A specimen of superhuman scholarship) 'ब्रह्मसिद्धान्त' के प्रारम्भ में संकेतित है-

**यज्ञश्च विज्ञानमथेतिहासः स्तोत्रं तदित्थं विषया विभक्ताः।**
**वेदे चतुर्धा त इमे चतुर्भिर्ग्रन्थैः पृथक्कृत्य निरूपणीयाः।।**[3]

वेदप्रतिपादित विषयों के चतुर्धा विभाग के कारण ही पण्डित ओझाजी ने इन विषयों के रहस्यविज्ञान-प्रतिपादक स्वरचित ग्रन्थों का भी चतुर्धा विभाग किया है-

1. ब्रह्मविज्ञान
2. यज्ञविज्ञान
3. इतिहासपुराणसमीक्षा
4. वेदाङ्गसमीक्षा।

अधिकतर आधुनिक वेदज्ञ पुराणशास्त्र को वेदशास्त्र से सर्वथा असम्बद्ध मानते हैं। पण्डित ओझाजी ने ही इदम्प्रथमतया पुराणशास्त्र को भी वेदशास्त्र से सुसम्बद्ध तथा सुसमन्वित कर **''इतिहासपुराणाभ्यां वेदं समुपबृंहयेत्''**[4] इस उक्ति को सर्वथा चरितार्थ किया है। उनके अनुसार पुराणशास्त्र में वेदसम्मत सृष्टिविज्ञान का विस्तृत वर्णन (उपबृंहण) है।

यह भी उल्लेखनीय है, कि पण्डित ओझा जी ने 'शारीरकविमर्शः' नामक महाग्रन्थ में आत्मनिरूपक शास्त्रों का पाञ्चविध्य माना है[5] -

1. चतुर्वेदशास्त्र (श्रुति)
2. उपनिषत् नामक वेदान्तशास्त्र (श्रुति)
3. नाना आर्षेय दर्शनशास्त्र (स्मृति)
4. ब्रह्मसूत्रनामक ब्रह्ममीमांसाशास्त्र (विज्ञानशास्त्र)
5. भगवद्गीतोपनिषत् नामक योगशास्त्र (विज्ञानशास्त्र)

पण्डित ओझाजी ने कतिपय आधुनिक भारतीय दार्शनिकों द्वारा ब्रह्ममीमांसाशास्त्र 'ब्रह्मसूत्र' के लिए वेदान्तशास्त्र शब्द का प्रयोग अनुचित माना है, क्योंकि उपनिषदों के लिए वेदान्त शब्द स्वीकृत है।

पण्डित ओझाजी ने ही 'शारीरकविमर्शः' नामक महाग्रन्थ में वेद के पौरुषेयापौरुषेयत्व (Personal origin and impersonal revelation) की महती विप्रतिपत्ति का निरास करते हुए कहा है कि विज्ञानवेद अपौरुषेय है और शास्त्रवेद (शब्दमय वेद) पौरुषेय है। उन्होंने ही दिव्य प्रातिभ अन्तर्दृष्टि से शब्दमय वेद (शास्त्रवेद) के विषय में छः प्रमुख प्रचलित मतों तथा उनके अवान्तर मतों से युक्त कुल अड़तालीस मतों का इदम्प्रथमतया उद्धरणपूर्वक विवेचन किया है, जो अतिविस्मयकारी है।[6] यह विवेचन वेदशास्त्र तथा भारतीय दर्शनशास्त्र के विद्वानों और विद्यार्थियों के लिए अध्ययन की दृष्टि से अत्यधिक उपादेय है।

पण्डित ओझाजी ने ही प्राचीन श्लोकक्रमानुसारी भाष्यपद्धति को छोड़ कर प्रतिपाद्यविषय-विभाग के अनुसार 'श्रीमद्भगवद्गीताविज्ञानभाष्यम्' में व्याख्या करते हुए इदम्प्रथमतया चतुर्विध बुद्धियोग और उसकी प्रतिपादक चतुर्विध विद्या (राजर्षिविद्या, सिद्धविद्या, राजविद्या, आर्षविद्या) का सूक्ष्म विवेचन किया है।[7]

पण्डित मधुसूदन ओझा ने ही अव्यय, अक्षर और क्षर पुरुषों की समष्टि पर आधारित त्रिपुरुषवाद तथा षोडशी (षोडशकाल) पुरुष के सम्प्रत्यय का इदम्प्रथमतया लक्षणपूर्वक विस्तृत प्रतिपादन किया है।[8]

पण्डित ओझाजी ने ही ज्ञान और विज्ञान का वेदानुसारी भेदक लक्षण प्रस्तुत कर भ्रान्ति का निवारण किया है। एकत्व की प्रतीति ज्ञान है और अनेकत्व की प्रतीति विज्ञान। विज्ञान शब्द से सृष्टिविज्ञान और ज्ञान शब्द से आत्मैकत्वप्रतिपत्ति अभीष्ट है।

पण्डित ओझाजी ने गीता में प्रयुक्त 'अहम्' (अस्मत्) शब्द के वाच्य के रूप में व्यावहारिक दृष्टिकोण से कृष्ण के त्रैविध्य (मानुष कृष्ण, दिव्य कृष्ण और गीताकृष्ण) का निरूपण कर पारमार्थिक दृष्टिकोण से कृष्णत्रय की एकात्मता का प्रतिपादन किया है।[9]

पण्डित ओझाजी ने ही 'द्रष्टुर्वचनं श्रुतिः' और 'श्रोतुर्वचनं स्मृतिः' इस प्रकार अतिसंक्षिप्त परन्तु सार्थक लक्षण प्रस्तुत कर श्रुति और स्मृति के वास्तविक भेद का विवेचन किया है, जो 'शारीरकविमर्शः' नामक ग्रन्थ में द्रष्टव्य है। उनके विवेचन से 'कर्णाकर्णि (कानों कान) प्रवाह (परम्परा) से श्रुत शास्त्र' - श्रुति का यह भ्रान्त लक्षण खण्डित हो जाता है।

पण्डित ओझाजी ने 'श्रीमद्भगवद्गीतोपनिषत्' में प्रयुक्त उपनिषत् शब्द की उपपत्ति (तर्कसंगति, Justification) के लिए शंकानिरासपूर्वक उपनिषद् का व्यापक (अव्याप्ति दोष से रहित) और मौलिक लक्षण

प्रस्तुत किया है, जो संक्षिप्त रूप में इस प्रकार है- **''कर्म्मणामितिकर्त्तव्योपपादिका विद्या उपनिषत्''**[10]। उनके अनुसार आत्मविद्यात्व उपनिषत् शब्द का पदार्थतावच्छेक नहीं है।

इस प्रकार आधुनिक युग के ऋषि वैज्ञानिक पण्डित ओझा जी ने ईश्वर के निर्देशानुसार वेदविज्ञान का मार्ग प्रदर्शित किया है जैसा कि स्वयं उन्होंने संकेत किया है -

**ईश्वरो भगवानेष मार्गं दर्शितवान् यथा।**
**तद्वाक्येनेव तं मार्गं स्पष्टं वो दर्शयाम्यहम्।।**[11]

**सन्दर्भ-**

1 श्रीमद्भगवद्गीता- 15/15

2. शारीरकविमर्शः - अनुक्रमणिका / पृ. 2-5

3. ब्रह्मसिद्धान्त - 1 /4

4. पुराणविमर्श/ पृ.16

5. शारीरकविमर्शः / पृ.33

6. वेदार्थभ्रमनिवारणम् / पृ. 71 से 111 तक

7. श्रीमद्भगवद्गीता- विज्ञानभाष्यम् (प्रथमभागः)

8. ब्रह्मविज्ञानम् / पृ. 2-7

9. श्रीमद्भगवद्गीता-विज्ञानभाष्यम् (द्वितीयभागः)

10. श्रीमद्भगवद्गीता-विज्ञानभाष्यम् (प्रथमभागः)

11. श्रीमद्भगवद्गीता-विज्ञानभाष्यम् (प्रथमभागः)

# वेदवाचस्पति पं. मोतीलाल शास्त्री

**प्रो. कैलाश चतुर्वेदी**
पीठाचार्य - पं. अनन्त शर्मा वेदपुराणस्मृति शोधपीठ
विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान, जयपुर

20वीं शताब्दी के पूर्वार्ध में देश में वेदों का डिण्डिम -घोष करने और उनमें निहित गूढ- विज्ञान का स्फोट करने वाली दो- विभूतियाँ प्रकट हुई, वेदविद्यावारिधि स्व. पं.मधुसूदनओझा( 1869-1939 ) जिन्होंने , जयपुर महाराज सवाई माधोसिंह के शासनकाल में न केवल 228 ब्रह्म- यज्ञ- पुराण-इतिहास-विज्ञान ग्रंथों की रचना कर प्राचीन वैदिक -साहित्य का पुनरुद्धार किया, अपितु इंग्लैंड तक उनकी ख्याति का विस्तार भी किया और दूसरे उनके प्रमुख शिष्य वेदवचस्पति (स्व.) पं. मोतीलाल शास्त्री ( 1908- 1960 ) जिन्होंने लगभग 80 सहस्त्र- पृष्ठात्मक गीता- शतपथ-उपनिषद- सांस्कृतिक चेतना जागृत करने वाले साहित्य की 'राष्ट्रभाषा -हिंदी' में रचना कर न केवल वेद-ब्राह्मण- उपनिषदों में निहित रहस्यों का उद्घाटन किया ,अपितु 'हिंदी खड़ी बोली' के गद्य-साहित्य को समग्रता- सम्पन्नता भी प्रदान की।

आज 20 सितम्बर, 2022 को उन महापुरुष की 62 वीं पुण्य-तिथि है , जिन्होंने 52 वर्ष की अल्पायु में ही अपने गुरु-चरणों में बैठ कर प्राचीन वैदिक -साहित्य का सर्वोपाङ्ग -अध्ययन कर मनन किया, चिंतन किया, अस्सी सहस्त्र 'फुलस्केप -साइज' के पृष्ठ लिख ही न डाले- अपितु स्वसंचालित मुद्रणालय में उनका मुद्रण- प्रकाशन किया, सम्पूर्ण -गृहस्थ -जीवन का पालन किया, स्वार्जित -भू सम्पदा का विशाल- क्षेत्र में निर्माण भी किया। विचारणीय है, क्या इस अल्पायु में ये सब-कार्य किसी सामान्य - मनुष्य द्वारा सम्पन्न किया जाना संभव था। निश्चयेन वे महामानव की कोटि में थे। पण्डित मोतीलाल जी का जन्म जयपुर में श्रावणशुक्ला 3, विक्रम संवत् 1965 को हुआ था। आप पण्डितश्री बालचन्द्रजी शास्त्री के कनिष्ठ पुत्र थे ! जीवन के प्रथम सोलह वर्षों तक आपने पितुःश्री के चरणों में बैठ कर संस्कृत व्याकरण एवं साहित्य का अध्ययन किया, जिसके अनन्तर जयपुर संस्कृत कॉलेज से व्याकरणशास्त्री परीक्षा पास की। महामहोपाध्याय पण्डित श्री गिरधरशर्मा चतुर्वेदी आपके दर्शन के गुरु थे। आपके साथ ही मोतीलालजी संवत् 1983 के आस-पास काशी गए, वहीं पर अकस्मात् आपको पण्डित श्रीमधुसूदनजी

ओझा के व्याख्यान सुनने का सुअवसर प्राप्त हुआ। बस, यहीं से आपके वास्तविक जीवनका प्रथम अध्याय प्रारम्भ हुआ।

पण्डित बालचन्द्र शास्त्री बड़े कठोर शासक थे। आपका अनुमान था, कि ओझाजी से वेद जैसे विषय का अध्ययन कर उनकी विद्या को प्राप्त करना अत्यन्त ही दुरूह है तथा प्राप्त कर भी ली जाए, तो जीवन-संग्राम में इसका उपयोग नहीं हो सकता। इसी धारणा के कारण आपने मोतीलाल जी को वेद का अध्ययन न करने का आदेश दिया, लेकिन मोतीलाल जी ने इस आज्ञा को न माना और उन्हें इसके लिए दंडस्वरूप पत्नी और विधवा भाभी का दायित्व सौंपते हुए घर से पृथक कर दिया गया।

आकस्मिक आघातों से न घबरा कर अपने भरण-पोषण के लिए पाँच रुपये मासिक का ट्यूशन कर, तथा यदा-कदा चने और गुड़ खा कर अपना अध्ययन जारी रखा। ओझाजी के अनुशासन में चलना खाँडे की धार कहा जाता था। अनुशासन का ताप उनके लिए असह्य था। यही कारण था कि मोतीलाल जी को छोड़ कर अन्य विद्यार्थी नियमित रूप से उनके पास अध्ययन नहीं कर पाए, इसी अध्ययन के परिणामस्वरूप मोतीलाल जी ने वैदिक साहित्य का जो अन्वेषण किया वह अतुलनीय एवं अगाध है।

भारतवर्ष में लोकमत से वैदिक परम्परा की श्रेष्ठता को स्वीकार किया गया है, किन्तु यह अत्यन्त दुर्भाग्यपूर्ण था, कि कालान्तर में वेदविज्ञान को सम्प्रदाय और दुराग्रह का विषय बना दिया गया। वेदों का सार उनकी परिभाषाएँ ही हैं।

सृष्टिविद्या के सम्बन्ध में ऋषियों का जो वैज्ञानिक तत्त्वानुसन्धान था, उसी ज्ञान-विज्ञान का समुदित नाम वेद है। सृष्टि का रहस्य अनादि व अनन्त है, फिर भी ऋषियों ने वैदिक साहित्य में ब्राह्मण, आरण्यक, उपनिषदों के द्वारा इन रहस्यों को समझाने का सक्षम प्रयत्न किया है। जिस युक्ति से सृष्टिविद्यात्मक रहस्यों को अर्वाचीन मानव समझ सके, वह युक्ति ही वेदविज्ञान की कुंजी है। वेद की भाषा सृष्टिविद्या की प्रतीक भाषा है। एक ही शब्द के नाना अर्थों की गति कितने ही क्षेत्रों में साथ-साथ विकसित होती है। पिण्ड और ब्रह्माण्ड के निगूढ नियमों के अत्यन्त विशद और चमत्कारिक वर्णन को समझने का माध्यम वैदिकविज्ञान का वह पट है, जिसमें सहस्त्रों परिभाषाओं के सूत्र ताने -बाने की भाँति बुने हुए हैं।

सौभाग्य से इसी आर्षविज्ञान को पण्डित मोतीलाल जी ने दीर्घकाल तकअपने गुरु के चरणों में बैठ कर प्राचीन पद्धति से प्राप्त किया तथा अपनी साहित्य-साधना में दिन-रात संलग्न रहते हुए मात्र 52 वर्ष की अल्पायु में ही

वेदविज्ञानात्मकअस्सी सहस्त्र पृष्ठों के साहित्य का राष्ट्रभाषा हिन्दी में सृजन कर डाला, जिसके परिणामस्वरूप शतपथ ब्राह्मण, गीताविज्ञानभाष्यभूमिका, श्राद्धविज्ञान, उपनिषद विज्ञानभाष्यभूमिका इत्यादि ग्रन्थों की लुप्तप्राय मौलिक परिभाषाएँ विज्ञानात्मक रूप में आज पुनः उपलब्ध हो रही हैं। इस ज्ञान-यज्ञ को पण्डितजी ने अपने दीर्घकालीन परिश्रम से सम्पन्न करते हुए 20 सितम्बर सन् 1960 को 52 वर्ष की आयु में महाप्रयाण किया। इस 80 सहस्त्रात्मक साहित्य में से लगभग 72 ग्रंथों का प्रकाशन हो चुका है तथा शेष अमुद्रित साहित्य के प्रकाशन का कार्य अनवरत जारी है। शास्त्रीजी द्वारा रचित साहित्य के प्रमुख विषय शतपथ -ब्राह्मण,गीता,पुराण एवं श्राद्ध-विज्ञान रहे हैं।

वर्ष 1956 में (मृत्यु से 44 माह पूर्व) तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ, राजेंद्र प्रसादजी ने उन्हें राष्ट्रपति-भवन में आमंत्रित कर पाँच-दिवसीय व्याख्यान कराये थे, जिनमें देश की सुप्रसिद्ध विभूतियों के साथ राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त, दिनकर आदि भी सम्मिलित थे। तब राष्ट्रपतिजी ने 'पं. मोतीलाल शास्त्री' के साहित्य को देश की अमूल्य निधि बता कर उसकी 'रक्षा' करने का भार 'शासन' को सौंपा था, काश ! सरकारें उनकी बात पर ध्यान देती !

# सुभाषितम्

**आयुर्वर्षशतं नृणां परिमितं रात्रौ तदर्धं गतं**
**तस्यार्धस्य परस्य चार्धमपरं बालत्ववृद्धत्वयोः।**
**शेषं व्याधिवियोगदुःखसहितं सेवादिभिर्नीयते**
**जीवे वारितरङ्गचञ्चलतरे सौख्यं कुतः प्राणिनाम्।।**

मनुष्य की आयु सौ वर्ष के लगभग है, उसकाआधा हिस्सा रातों की नींद में निकल जाता है, उसका बाकी आधे का शेष आधा भाग बचपन और बुढ़ापे में बीत जाता है, बचे खुचे शेष वर्ष रोग, वियोग, मुसीबतों के अलावा नौकरी चाकरी में निकल जाते हैं। पानी की लहरों के समान इस क्षणभंगुर जीवन में प्राणियों के लिये सुख कहाँ ?

*(भर्तृहरिवैराग्यशतकात्)*

# आचार्य वीरेश्वर शास्त्री द्राविड़

**डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा**
पर्यवेक्षक - वैदिक हेरिटेज एवं पाण्डुलिपि शोध संस्थान
राजस्थान संस्कृत अकादमी, जयपुर

श्री द्राविड़ महोदय भारत के सुविख्यात विद्वान्, सर्वशास्त्रपारंगत, अपने विषयों के व्याख्याता, सफल अध्यापक, श्रौतस्मार्तकर्मानुष्ठाननिरत, राजवर्ग से सम्मानित, लोकमान्य, महर्षिकल्प एक महात्मा व्यक्ति थे । आपकी पितृ-परम्परा में अनेक पीढ़ियों तक सोमयाजी श्रोत्रिय विद्वान् हुए हैं। आपने भाद्रपद शुक्ला सप्तमी (श्री राधाष्टमी) शनिवार, संवत् 1616 को अर्ध-रात्रि के पश्चात् दीक्षितों के बड़म (ओत्तर) संकेतित द्राविड़ कुल तथा मूलकाड कांचीमण्डल, दक्षिण भारत में जन्म लिया। आपकी माता का नाम लक्ष्मी तथा पिता का नाम सुब्रह्मण्य दीक्षित था। आपका वत्स गोत्र, भार्गव, च्यवन, प्राप्नुवान्, और्व और जमदग्नि-ये पांच प्रवर थे। आप कृष्णयजुर्वेद के तैत्तिरीय शाखाध्यायी विद्वान् थे ।

दक्षिणापथ में कांचीमण्डल में मूलकाड नाम से एक प्रसिद्ध ग्राम है । यहां श्री वरुणाचल दीक्षित, यज्ञेश्वर दीक्षित, कृष्ण दीक्षित, सुब्रह्मण्य दीक्षित आदि अनेक प्रसिद्ध विद्वानों ने जन्म लिया था । श्री यज्ञेश्वर दीक्षित तक 25 पीढियों में सभी अनुवंशज सोमयाजी थे । आपके दो पुत्र श्री कृष्ण दीक्षित तथा श्री सुब्रह्मण्य दीक्षित उपनयन के पश्चात् घनपाठियों के विद्यालय में चार वर्ष तक तैत्तिरीयसंहिता, अन्य ग्रन्थ व आरण्यक ग्रन्थों का अध्ययन कर कांचीनगर में आ गये थे। यहीं से चलपन (समुद्र के समीप विद्यमान नगर) तैलंग, बंग, मिथिला, पाटलिपुत्र, गया तथा अवध होते हुए मण्डली सहित काशी पहुंचे। काशी में गंगा के सोमेश्वर घाट पर विद्यमान मानमन्दिर में विश्राम किया और वहीं रहते हुए वेद, न्याय, साहित्य आदि विषयों का अध्ययन किया। जीविका की दृष्टि आपने यहीं से ऋत्विक कर्म प्रारम्भ किया ।

श्री अप्पय दीक्षित के छठे अनुवंशन की हरिशंकर दीक्षित की दौहित्री तथा बज्रटंक कृष्ण की पुत्री लक्ष्मी के साथ आपका पाणिग्रहण हुआ । आपके दो पुत्रियों में से ज्येष्ठ पुत्री का विवाह आठ वर्ष की अवस्था में ही जयपुर राजगुरु मन्वाजी श्री कामनाथजी के साथ सम्पन्न हुआ। दो कन्याओं के जन्म लेने के उपरान्त श्री सुब्रह्मण्य दीक्षित अपने परिव्राजक गुरु के आदेश से आात्मवीरेश्वर महादेव की उपासना में लीन हए। स्कन्दपुराणन्तर्गत काशी खण्ड में प्रोक्त

वीरेश्वर स्तोत्र का पाठ करने से दो वर्ष पश्चात् आपके पुत्र उत्पन्न हुआ और आपने उसका नाम 'वीरेश्वर' रखा। जन्म के पश्चात आपके नेत्र मुंदे हुए थे जो कुलदेव के पूजन का व्रत लेने के पश्चात् खुले थे। बाल्यकाल में आप उदर रोग से पीड़ित रहते थे, जिसे श्री विधु बाबू वैद्य तथा श्री कृष्णशास्त्री तैलंग ने उपचार कर शान्त किया था। आपके नाना का नाम भी सुब्रह्मण्य शास्त्री था, जिनके पुत्र श्री नारायण शास्त्री बहुत विख्यात विद्वान् हुए थे।

श्री द्राविड़ की दूसरी भगिनी सरस्वती का पाणिग्रहण भी जयपुर में ही श्री विश्वनाथ शास्त्री के साथ सम्पन्न हुआ था। आप श्री कामनाथ शास्त्री की बड़ी बहन मंगला देवी और उसके पति श्री साम्ब शास्त्री के मध्यम पुत्र थे अर्थात् श्री कामनाथ शास्त्री के भागिनेय थे। श्री कामनाथ शास्त्री व उनकी पत्नी श्रीमती गंगादेवी ने सन्तान न होने से श्री विश्वनाथ शास्त्री को अपना उत्तराधिकारी (दत्तक पुत्र) बना लिया था। जैसा कि बताया जा चुका है, श्रीमती गंगादेवी भी सुब्रह्मण्य शास्त्री दीक्षित की ज्येष्ठ पुत्री थी और ये जयपुर महाराज की राजमहिषी को मन्त्रोपदेश करने के कारण गुराणीजी के नाम से प्रसिद्ध थीं।

पांच वर्ष की अवस्था में मातुल श्री पापा शास्त्री (श्री नारायण शास्त्री) ने आपका विद्यारम्भ संस्कार किया। अपनी दोनों पुत्रियों के आग्रह पर आपकी माता श्रीमती लक्ष्मी दीक्षित आपको लेकर जयपुर आ गई। आपकी छोटी बहिन सरस्वती देवी अल्पवयस्का थी; अतः माता उनकी देख-रेख के लिये जयपुर में तीन वर्ष तक रहीं। इन वर्षों में श्री शास्त्री ने संस्कृत कालेज, जयपुर के अध्यक्ष श्री रामभजजी सारस्वत के पास अमरकोष, सिद्धान्तकौमुदी आदि ग्रन्थों का अध्ययन प्रारम्भ किया। उपनयन संस्कार के लिये माता आपको पुनः काशी ले गई। वहाँ अष्टम वर्ष में वैशाख शुक्ला द्वादशी सम्वत् 1924 को आपका उपनयन हुआ । आपने वेदाध्ययन प्रारम्भ किया। जब आपकी बड़ी बहन का सीमन्तोत्सव हुआ, तब आप पुनः जयपुर आये, परन्तु अधिक न रह सके और अपने मातुल पुत्र के उपनयन व मातुलपुत्री के विवाह पर पुनः काशी लौट गये । श्री साम्ब शास्त्री ने आपके अध्ययन की व्यवस्था की और आापको श्री नेने बालकृष्ण शास्त्री भट्ट की पाठशाला में प्रविष्ट करा दिया गया था। वहाँ 6 मास में केवल तीन प्रपाठक का अध्ययन ही सम्पन्न हो सका था। इससे असन्तुष्ट होकर श्री पापा शास्त्री ने प्रापको महाविद्वान् श्री रामशास्त्री खरे की पाठशाला में प्रविष्ट करा दिया । वदे के विद्वान् श्री शंकर नारायण शास्त्री द्राविड़ के पास आपने वेदाध्ययन किया । यहाँ से अध्ययन कर गुरुजी के वार्धक्य के कारण आपके माता-पिता के कुछ ही दिनों में अन्तर पर निधन हो जाने से आप के अध्ययन में विघ्न उपस्थित हो गया। फिर भी गुरुजी के प्रेरणा से कुछ अध्ययन चलता रहा।

कौण्डिन्यगोत्रीय बोधायनसूत्रानुयायी, क्रमान्तवेदपाठी, व्याकरण तथा साहित्य के विद्वान् पं. श्री राजेश्वर शास्त्री की कन्या भवानी से आपका विवाह वैशाख कृष्णा 2 सम्वत् 1929 में सम्पन्न हुआ। श्री राजेश्वर शास्त्री

'नागेश शास्त्री'के नाम से प्रसिद्ध थे तथा श्री शंकर शास्त्री एवं मैसूर राज्य के अन्नसत्राध्यक्ष श्री सबुह्मण्य शास्त्री के वंशज थे। आपके विवाह में आपकी भगिनी गंगा देवी ने जयपुर महारानी से 1500 रूपये की आर्थिक सहायता दिलवाई थी। विवाह के उपरान्त आपका अध्ययन पुनः प्रारम्भ हुआ। आप पं. यागेश्वर शास्त्री के पास विभिन्न विषयों का अध्ययन करने के लिये नियमित रूप से जाने लगे।

आपके सहाध्यायियों में मातुलपुत्र के अतिरिक्त गाडगिल, श्री भिक्षु शास्त्री मौनी तथा श्री राम शास्त्री तैलंग के नाम उल्लेखनीय हैं। आपने साढे चार वर्षों में सिद्धान्तकौमुदी पर पूर्णाधिकार कर लिया और फिर मनोरमा, अर्थसंग्रह, हैमवती, परिभाषेन्दुशेखर गोविन्दाचार्य कृत चन्द्रिका व्याख्या सहित लघुशब्देन्दुशेखर, कैयट कृत टीका सहित नवाह्निकभाष्य और साधिकार भाष्य पर पूर्णाधिकार प्राप्त कर लिया। गुरुजी के घर अध्ययन करने के अतिरिक्त आप मामाजी के घर पर भी स्वतन्त्र रूप से अध्ययन किया करते थे। वहाँ आपने सम्पूर्ण अष्टाध्यायी, तर्कसंग्रह, न्यायबोधिनी, माघकाव्य, कुमारसम्भव, मेघदूत, शाकुन्तल, उत्तररामचरित, भारतचम्पू, नृसिंहचम्पू एवं रामायणचम्पू आदि ग्रंथों का अध्ययन किया। साथ ही नैषध, माथुरी पंचलक्षणी एवं जागदीशी, सिंहव्याघ्रलक्षण, कुवलयानन्द, काव्यप्रकाश, साहित्यदर्पण आदि महत्वपूर्ण ग्रन्थों का भी अध्ययन किया। इसी प्रकार श्री बाल शास्त्री रानाडे से आपने व्युत्पत्तिवाद, शक्तिवाद, सपरिष्कार परिभाषेन्दुशेखर, शब्देन्दुशेखर, विषयतावाद तथा ब्रह्मसूत्र शांकरभाष्य का अध्ययन किया था।

अध्ययनकाल में ही आपकी कनिष्ठ भगिनी सरस्वती का अचानक देहान्त हो गया और आपकी पत्नी भी अपस्मार रोग से आक्रान्त हो गयी । बहुत उपचार करने के पश्चात् भी रोग शान्त न हुआ और दिवंगत हो गई । अनेक सांसारिक कष्टों को सहन करते हुए भी आपने अपना अध्ययनक्रम नहीं छोड़ा और जयपुर चले आये । यहाँ पहुँचने पर आपने अध्यापन कार्य प्रारम्भ किया। सर्वप्रथम आप महाराजा संस्कृत कालेज, जयपुर में साहित्याध्यापक नियुक्त हुए, जहाँ आपने 8 अगस्त, 1866 तक अध्यापन किया और वहीं से सेवानिवृत्त हुए । म0 म0 पं0 श्री गिरिधर शर्मा चतुर्वेदी ने जो आपका उल्लेख किया है, उससे ज्ञात होता है कि कालान्तर में शिक्षा विभाग के अधिकारी आपकी सलाह से ही कार्य किया करते थे । तत्कालीन निदेशक श्री मक्खनलालजी आप से बहुत अधिक प्रभावित थे और आपका अत्यन्त सम्मान किया करते थे ।

अवकाश प्राप्त करने पर आप अपने घर पर ही अनेक व्यक्तियों का निःशुल्क अध्यापन किया करते थे। आपके पास स्वतन्त्र रूप से अध्ययन करने वाले अनेक विद्वानों में पं0 श्री जगदीश शर्मा दाधीच, भूतपूर्व साहित्य प्राध्यापक, संस्कृत कालेज, जयपुर का नाम उल्लेखनीय है, जो आपके द्वारा संस्थापित वीरेश्वर पुस्तकालय में अवैतनिक मंत्री रहे

थे। आपने काशी तथा जयपुर में अपने नाम से एक पुस्तकालय की स्थापना भी की थी, जिसका नाम वीरेश्वर पुस्तकालय था। वर्तमान में इस भवन में राजस्थान संस्कृत अकादमी द्वारा पाण्डुलिपिविषयक शोधकार्य प्रारम्भ करने का निर्णय लिया गया है। आप के रचनात्मक कार्य के सम्बन्ध में (1) श्रीधरी (शब्देन्दुशेखर की टीका), (2) (शब्देन्दुशेखर की टीका), विवरण (कैयटकृत महाभाष्य का प्रथम व द्वितीय अध्याय) और भोज का सरस्वती कंठाभरण इत्यादि ग्रन्थों का सम्पादन किया था–ऐसा उल्लेख मिलता है। इनमें सरस्वती कंठाभरण वैशाख शुक्ला अष्टमी सम्वत् 1943 को जैन प्रभाकर मुद्रणालय, काशी से प्रकाशित है। कविशिरोमणि भट्ट श्री मथुरानाथ शास्त्री ने अपने जयपुरवैभवम् में आचार्य श्री वीरेश्वर शास्त्री जी द्रविड को कतिपय पद्य समर्पित किए हैं, जो उनके व्यक्तित्व एवं कर्त्तृत्व को ज्ञापित करते हैं -

**शब्दशास्त्रबोद्धारोऽपि हेलयाऽन्यशास्त्रगतं**
**पाण्डित्यं प्रदर्शयन्तः कैर्न वरिवस्यन्ते**
**स्थूलकृष्णकायैर्ज्ञातनानाविधोपायैरहो**
**चाणक्यैरिवैतैः किल के वा न निरस्यन्ते ।**
**'श्रीजीकी मोरी' मभिमण्डयन्तो हवनभरै-**
**र्ये रीतिं श्रयन्तो वैदिकानामनु दृश्यन्ते**
**निशितसमीक्षाशराः कुपितदृशाऽस्त्रिणोऽमी**
**द्राविडास्ते वीरेश्वरशास्त्रिणोऽद्य शस्यन्ते ॥** [1]

भट्ट मथुरानाथ शास्त्री नेआपका सादर उल्लेख किया है। आप अत्यन्त प्रतिभावान्, वैदुष्यसम्पन्न, शान्त विद्वान् थे। आपका अप्रकाशित रचनात्मक कार्य सम्प्रति उपलब्ध नहीं हो सका है।

**सन्दर्भ**

1. जयपुरवैभवम् / पृ. 161

# राष्ट्रोपनिषत्

रचयिता
**आचार्य डॉ. नारायणशास्त्री काङ्कर विद्यालङ्कार**
(महामहिम–राष्ट्रपति–सम्मानित)

हिन्दी-रूपान्तरण-कर्त्री
**सौ. श्रीमती इन्दु शर्मा**
एम.ए., शिक्षाचार्या

अंग्रेजी-रूपान्तरण-कर्त्ता
**महामण्डलेश्वरः स्वामी श्री ज्ञानेश्वरपुरी**
विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थानम्, जयपुरम्

**अत्र प्रस्तर–दोषः कः,पादे चेत् हन्यते ततः ।**
**मनुष्य एव दोषी यो, वीक्षते तं चलन्नहि ॥८॥**

इसमें पत्थर का क्या दोष है ? यदि उससे पैर में चोट लग जाती है। मनुष्य ही दोषी है, जो चलता हुआ उस पत्थर को नहीं देखता है।

If the foot is hurt by the stone where it is a fault the stone? It is the person's fault who did not see it while walking.

**अदण्ड्यो यदि दण्ड्येत, दण्ड्यश्च नैव दण्ड्यते ।**
**तर्हि परिणतिर्नास्य, सुखदा दुःखदैव हि ॥९॥**

यदि अदण्डनीय को दण्डित किया जाय और दण्डनीय को दण्डित नहीं किया जाता है, तो इसका परिणाम सुखदायक नहीं होता, दुःखदायक ही होता है।

If the innocent are punished and not guilty, the result will not be prosperity but tragedy.

**अद्वैत–भावना यावद् , नोत्पन्ना भवति क्वचित् ।**
**सुखं दुःखं परेषां हि, तावत् स्ववन्न बुध्यते ॥१०॥**

जब तक कहीं अद्वैत भावना उत्पन्न नहीं होती है, तब तक अपनी तरह दूसरों का सुख दुःख नहीं जाना जाता है।

Till there is no feeling of equality, one will feel neither the pain nor happiness of others.

**अधिकारं सुलभ्यापि, क्षेत्रं स्वं न विकास्यते ।**
**अधिकारो वृथा तर्हि, छागस्तन इवास्ति सः ॥११॥**

अधिकार सुलभ करके भी अपना क्षेत्र यदि विकसित नहीं किया जाता है, तो वह अधिकार तो बकरी के स्तन की भाँति व्यर्थ ही है।

If the Authority does not improve its own are a then this authority is as useful as the breasts of a male goat.

**अनर्थानां तु सर्वेषां, छिद्रमेवास्ति कारणम् ।**
**छिद्रे पूर्णेऽवकाशोऽपि , नाऽनर्थेभ्योऽवशिष्यते ॥१२॥**

सारे अनर्थों का कारण तो छिद्र ही हुआ करता है । छिद्र को भर लेने पर अनर्थों के लिए अवकाश भी नहीं रहता है।

The cause of all disasters is a hole (defect). After filling the hole, there is no place even for the disasters.

**अनायासेन सुज्ञेयं, यद् भवेद् लेखनं क्वचित् ।**
**तदवश्यं भवत्येव, प्रशस्तं चाभिनन्दितम् ॥१३॥**

जो लेखन बिना कठिनाई के आसानी से समझ में आ जाने वाला होता है,वह लेखन अवश्य ही प्रशंसनीय और अभिनन्दनीय होता है ।

That writing is praiseworthy and applaudable, which is easily written without any difficulty and is on time.

**अनुकूलं भवेत् तन्न, कार्यं कुत्रापि किञ्चन ।**
**यस्य सम्पादनं न स्याद्, यथाकालं यथाविधि ॥१४॥**

वह कार्य कहीं भी कुछ अनुकूल फल नहीं देता है, जिसका सम्पादन उचित समय पर उचित विधि से नहीं किया जाता है।

The work that is not carried out in a given time and a proper manner will not bear proper fruits anywhere.

ISSN : 2582-6360

# विविध साहित्यिक गतिविधियाँ














प्रकाशक : **विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान** - कीर्ति नगर, श्याम नगर, सोढाला, जयपुर

**Website :** vgda.in **Youtube :** www.youtube.com/c/vishwagurudeepashram **E-mail :** jaipur@yogaindailylife.org